# कलयुग में सब कुछ समाप्त हो जाएगा नर्मदा बहती रहेगी - भैया जी महाराज

## अ. भा. मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संपन्न



ओंकारेश्वर – ( ललित दुबे )पुण्य सलिला मां नर्मदा के तट द्वादश ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में नर्मदा के भक्त ओकारेश्वर पहुंचे । मॉ नर्मदा के विभिन्न घाटों की साफ–सफाई के साथ नर्मदा की महा आरती व नगर को साफ व स्वच्छ सुंदर बनाने का संकल्प दिलाया।

अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कलोता समाज धर्मशाला में संपन्न हुई बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ मध्य प्रदेश के विभिन्न विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी एवं मां नर्मदा के सेवाभावी भक्तों ने बैठक में भाग लिया।

### महामंडलेश्वर भैयादास जी महाराज बालाजी

–नई दिल्ली .ब्रह्मचारी सर्वेश प्रयागराज .अशोक महाजन सहायक कार्यपालन मंदिर ट्रस्ट जयश्री ताऊ मातृशक्ति विक महा प्रदेश संयोजक . श्रीमति मनीषा पटेल राष्ट्रीय समन्वयक.अनिल दास जी महाराज नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष अंत ‘सिह बारे . सीएमओ मोनिका पारधी . नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा परिहार कार्यक्रम के प्रमुख पदाधिकारी यो ने मां नर्मदा के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया

महामंडलेश्वर भैया दास जी महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा आपका परिवार अगर सुरक्षित है आपके घरों को सुरक्षित कर लो समझो हम सुरक्षित हो जाएंगे घरों को सुरक्षित कर लो फिर संघ के प्रति समर्पित भाव से आगे बढ़ो नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ के प्रति दो कदम बढ़ाओ यह बाबा अपना जीवन समर्पित कर देगा क्योंकि आज परिवार में बहुत समस्याएं हैं सारी समस्या का समाधान हमारा घर है जब हम घर से सुरक्षित हो जाएंगे तो नर्मदा परिक्रमा ठीक ढंग से कर पाएंगे हमारे आपस के तनाव एवं मतभेद दूर करना जरूरी है।।

रामकिंकर जी महाराज शीतला माता पीठ सनावद ने कहा कि नर और मादा प्रलय के बाद भी सर्जन होगा

जहां नर बनाया होगा वहा मादा बनाई हो गी जहां इस्त्री बनाई होगी वहां पुरुष बनाया गया होगा उसी स्थान का नाम नर्मदा सब कुछ समाप्त हो जाएगा प्रलय में कुछ नहीं रहेगा पर इस सजन नर्मदा ही एकमात्र कलयुग की गंगा रहेगी नर्मदे हर जय कारे सात महाराज जी ने उद्बोधन समाप्त किया। अन्य अतिथियों ने भी अपने उद्बोधन दिए बहन मनीषा पटेल ने कहा प्राकृतिक संतुलन और पर्यावरण रक्षण हमारा परम कर्तव्य है

इसलिए समस्त जीव सृष्टि की स्वच्छता स्वच्छता सुरक्षा हेतु अखिल भारती मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ के जनजागृति अभियान हम सब मिलकर शपथ ग्रहण करें तथा इसे जन आंदोलन बनाएं। संघ की मध्य प्रदेश मीडिया प्रभारी श्रीमती ममता दुबे ने जानकारी देते हुए कहा 25 फरवरी को अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा स्वागत किया गया 26 फरवरी को संघ द्वारा प्रतिष्ठित सेवाभावी विशेष कार्यों में उत्कृष्ट करने वाले प्रतिभाओं का पता नर्मदा के भक्तों का संघ द्वारा सम्मान किया जाएगा तथा अन्य विभिन्न विभिन्न कार्यक्रम घाट की सफाई एवं स्वच्छता का संदेश के साथ अन्य कार्यक्रम शपथ विधि समारोह आयोजित किया जाएगा।

# 3 करोड़ से होगा शहर में जुलवानिया रोड का कायाकल्प



खरगोन-शहर में नवग्रह मंदिर तिराहे से जुलवानिया नाका तक के करीब डेढ किमी लंबे मार्ग का सूरत अब बदलेगी। यह मार्ग नेशनल हाईवे खंडवा-बडोदरा का भी हिस्सा है। करीब 40 साल से इस मार्ग पर पेंचवर्क व सामान्य सुधार से ही काम चल रहा है। अब नपा ने इस मार्ग को कायाकल्प कार्यक्रम में लिया है। लगभग 1500 मीटर लंबे इस मार्ग पर दोनों ओर अतिक्रमण हटाकर सीमेंटीकृत मार्ग का निर्माण होगा। इस मार्ग के निमार्ण को नपा ने कायाकल्प अभियान में लेकर सीटी रोड एक्शन प्लान के तहत 3 करोड़ 48 लाख 70 हजार का प्रस्ताव भेजा था। हाल में सीएम ने इस मार्ग निर्माण के लिए 3 करोड़ स्वीकृत किए हैं।

नवग्रह तिराहे से जुलवानिया नाके तक का मार्ग अक्सर बदहाल स्थिति में रहता है। कुछ महिनों पहले ही इस मार्ग के एक ओर से अतिक्रमण हटाया है। हालांकि अब भी औरंगपुरा क्षेत्र में मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण है। औरंगपुरा व जुलवानिया नाका के बीच रोड के दोनों ओर झुग्गियां बनी हैं। ऐसी में अतिक्रमण हटाया जाएगा।

### आगे के सफर के लिए फिलहाल इंतजार

उल्लेखनीय है नपा सीमा में तो खंडवा-ब?ौदरा राजमार्ग का कायाकल्प हो जाएगा लेकिन नपा सीमा के बाहर खरगोन से जुलवानिया तक राजमार्ग की हालत खस्ता है। राजमार्ग उन्नयन का काम नेशनल हाइवे और एमपीआरडीसी के बीच उलझा था। गत दिनों ही नेशनल हाइवे के अधिकारियों ने खरगोन से जुलवानिया और खरगोन से देशगांव तक राजमार्ग का निरीक्षण किया है।

अगस्त के पूर्व करना होगा मार्ग का निर्माण, राज्य स्तर से होगी निगरानी कायाकल्प अभियान की गाइडलाइन अनुसार स्वीकृत हुए कार्य का कार्यादेश 31 मार्च के पहले निकालना है। वहीं कार्य को पूर्ण करने की समयसीमा अगस्त माह तक तय की गई है। कार्य की गुणवत्ता की निगरानी राज्य स्तर से की जाएगी। वहीं प्रस्ताव की अतिरिक्त राशि का वहन नपा करेगी। वहीं निर्माण के दौरान संभाग स्तर पर स्थापित मोबाइल लेब द्वारा कार्य की गुणवत्ता की जांच की जाएगी।

### समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण काम करेंगे

शहर में आने वाले दिनों में कई बडे काम प्रस्तावित हैं। इसमें नवग्रह कॉरिडोर का काम प्रगति पर है। जल्द ही इसकी पूरी योजना बन जाएगी। वहीं कायाकल्प कार्यक्रम में नवग्रह तिराहे से जुलवानिया नाके तक डिवाइडरयुक्त सीमेंटीकृत मार्ग का काम भी होगा। सारे काम समयसीमा में व गुणवत्तापूर्ण किए जाएंगे। इन कामों के होने से नागरिकों को सुविधा मिलेगी। साथ ही शहर की व्यवस्थाओं में सुधार आएगा। -प्रियंका पटेल, सीएमओ खरगोन

# कुंदा किनारे खनन कर रहे दो वाहन जब्त


खरगोन-शहर से 10 किमी दूर उमरखली में कुंदा किनारे अवैध खनन कर रहे लोगों में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब अचानक संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम ने दबिश दे दी। अफसरों को देख अवैध खननकर्ताओं में भगदड़ मच गई। कुछ लोग वाहन लेकर भाग गए। जबकि अमले ने एक जेसीबी व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। खनिज अमला लगातार अवैध खनन रोकथाम के लिए निगरानी कर रहा है। एसडीएम ओम नारायण सिंह ने बताया कि संयुक्त कलेक्टर शिराली जैन को उमरखली में अवैध खनन की सूचना मिली थी। यहां 5 जेसीबी और 5 ट्रैक्कर-ट्रॉली खनन करते मिले। जेसीबी और ट्रैक्टर चालक भी भाग निकले।

### शासन द्वारा स्वीकृत है खदान

मामले में रेत खदान ठेकेदार अमित जैन ने बताया कि उक्त स्थान पर शासन द्वारा 5 हेक्टेयर खदान स्वीकृत की गई है। संभवत किसी गलतफहमी के चलते कार्रवाई की गई है।

## बजट से आस-

# मेडिकल और कृषि कॉलेज के साथ उद्योग जरूरी, विद्यार्थी व मजदूर करते हैं पलायन




खरगोन–प्रदेश सरकार का बजट कुछ दिन के बाद पारित होगा। हर बजट में जिले को कोई खास नहीं मिल पाता है। यहां आदिवासी बाहुल्य व कृषि प्रधान जिला होने के बावजूद सुविधाएं नहीं हैं। लोगों को रोजगार नहीं है तो विद्यार्थियों के लिए मेडिकल कॉलेज से लेकर कृषि कॉलेज नहीं हैं। यहां हर साल हजारों विद्यार्थी दूसरे शहर व राज्यों में पढाई करने जाते हैं तो रोजगार के लिए भी भारी पलायन होता है। मेडिकल कॉलेज की पिछले दिनों मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने घोषणा की है, लेकिन उसके बाद प्रक्रिया आगे नहीं ब? पाई है।

दो साल पहले मेडिकल कॉलेज स्वीकृत हुआ था। राजनीतिक खींचतान के कारण उसे निरस्त करा दिया। इसके अलावा जिले में कई जगह नर्मदा का पानी नहीं पहुंच पाया है। जबकि नर्मदा जल इंदौर तक भेजा जाता है। नहरों का निर्माण होना चाहिए। इससे किसान उन्नत हो। शहर के दिनेश पटेल ने कहा कि जिले में विकास की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन बजट में हमें हर बार मायूसी हाथ लगती है। मेडिकल कॉलेज, कृषि कॉलेज से लेकर उद्योग लगना चाहिए। संजय पाराशर ने कहा कि जिले की 22 लाख आबादी है। युवाओं के लिए स्कील डेवलपमेंट प्रोग्राम होना चाहिए। क्योंकि सरकारी नौकरियां नहीं है। इन स्कील से युवा आगे ब? सकते हैं।

### कपास व मिर्च का ज्यादा उत्पादन, स्थानीय स्तर पर उद्योग लगें

जिले में कपास व मिर्च का ज्यादा उत्पादन होता है। यहां स्थानीय स्तर पर उद्योग लगना चाहिए। इससे रोजगार मिलने के साथ ही किसानों व व्यापारियों का भी भला हो पाए। यहां कई कॉटन व्यापारियों ने महाराष्ट्र में उद्योग लगाए हैं। क्योंकि यहां टैक्स ज्यादा वसूला जाता है। जबकि महाराष्ट्र में कम टैक्स है। उद्योगपति कैलाश अग्रवाल का कहना है कि हम हर साल बजट के पहले मांग करते हैं, लेकिन हमारी मांग पर सरकार या वित्त मंत्री ध्यान नहीं देते हैं। खरगोन 20 साल में बहुत पिछ?ा है। सरकार बेरोजगारों के लिए सोचे।

## एशियन चैंपियनशिप की तैयारी-

# सहस्त्रधारा के नेचुरल ट्रैक पर ट्रायल के बाद बनेगी मेरिट लिस्ट



**महेश्वर-भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के तत्वावधान में सहस्त्रधारा के नेचुरल ट्रैक पर रविवार को केनो सलालम ट्रायल कैंप लगेगा। इसमें जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे वह मई में थाईलैंड में होने वाली एशियन चैंपियनशिप में भाग लेंगे। मध्यपदेश के अलावा अन्य राज्यों के खिलाड़ी भी इस एकदिवसीय ट्रायल कैंप मे रविवार को नर्मदा नदी की सहस्त्रधारा नेचुरल ट्रैक पर तेज धार में अपना प्रदर्शन करेंगे।**

**मेरिट लिस्ट में आने की तैयारी करेंगे जिसे लेकर स्थानीय स्तर पर शनिवार शाम तक ट्रायल कैंप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची भी आ जाएगी। रविवार को एशियन चैंपियनशिप में भाग लेने वालों की सूची देर शाम तक तैयार हो सकती है। मध्यपदेश के अलावा अन्य राज्यों से 50 से अधिक खिलाड़ी रविवार को सहस्त्रधारा की तेज धार में ट्रायल कैंप में भाग लेंगे इसके बाद भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के द्वारा मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी, जिसमें जो खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होंगे। उन्हें एशियन चैंपियनशिप के पहले 1 महीने का नेशनल स्तर पर कैंप लगेगा। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के द्वारा एशियन चैंपियनशिप के लिए चयनित किया जाएगा।**

भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग संघ के सचिव प्रशांत कुशवाह ने बताया कि विगत दिनों दो दिवसीय नेशनल चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से आए खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल्ड सिल्वर और ब्रांच मेडल जीत कर अपने देश का नाम रोशन किया है। ट्रायल में 50 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। इसके बाद सहस्त्रधारा स्थल पर ही 1 महीने का नेशनल कैंप लगेगा, जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उन्हें एशियन चैंपियनशिप के लिए सिलेक्ट किया जाएगा।



# शासकीय महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाओं का किया मंचन



बड़वाह –जवाहरलाल नेहरू शासकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम जनजातीय संस्कृति व लोक कलाओं को समर्पित वार्षिक स्नेह सम्मेलन हुआ। विद्यार्थियों ने मंच पर विभिन्न संस्कृतियों की प्रस्तुति दी। मंच पर छात्र–छात्राओं ने गीत, संगीत, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य सहित विभिन्न प्रस्तुतियां देकर लोक संस्कृति के रंग बिखेरे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पूर्व सीआईसीएफ डिप्टी कमांडेंट किरण सिंह सैनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा विद्यार्थियों को अभी पढ़ने के साथ–साथ अनुशासन व लगनशीलता में ध्यान देना चाहिए। स्वतंत्रता आसानी से नहीं मिली।

स्वतंत्रता के लिए कई आदिवासी व अन्य नायकों ने भी अपनी कुर्बानियां दी। आप सभी अच्छे से पढ़कर देश का नाम रोशन करें। उन्होंने सीआरपीएफ के कांस्टेबल व अधिकारी पदों की जानकारी दी। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सुराणा ने कहा महाविद्यालय नगर के हिसाब से बहुत बड़ी संख्या में बालक बालिकाओं का अध्यापन करवाता है। यहां पर करीब 1800 छात्र–छात्राएं अध्ययन करते हैं। नेक की दृष्टि से जनभागीदारी समिति व महाविद्यालय दोनों छात्र–छात्राओं के लिए विशेष प्रयास कर रहा है।

जिससे महाविद्यालय को बी ग्रेड प्राप्त हो सके। इसके लिए हमें बहुत से प्रयत्न करना है। उन्होंने कैंपस को ग्रीन बनाने के लिए 1500 पौधारोपण करने का भी संकल्प दिलाया। यह जनभागीदारी से जन सहयोग से लगाए जाएंगे। जिससे महाविद्यालय का पर्यावरण स्वच्छ व अनुकूल होगा। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मंगला ठाकुर, सुरेंद्र पंड्या, सीटू राजपाल, रोमेष विजयवर्गीय, ब्रजेंद्र जोशी सहित अन्य मौजूद थे।